तापमान

अधिकतम 30.4 डिग्री
न्यूनतम 15.7 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, बुधवार, 15 अक्टूबर 2025

9 नगर निगम में प्रदर्शन, सफाई कर्मचारियों ने लिया हिस्सा



10 पानी में डूबी विकास की कहानी ...



## खबर संक्षेप

### बुजुर्ग से नकदी भरा बैग चोरी कर ले गए युवक

**गन्नौर।** सब्जी लेकर घर लौट रहे एक बुजुर्ग से बाइक सवार तीन युवकों ने एक लाख दस हजार रुपये से भरा थैला चोरी कर लिया। घर पहुंचने पर पीड़ित को जब थैला गायब मिला तो उसने मामले की सूचना थाना गन्नौर पुलिस को दी। अगवानपुर निवासी जगमेंद्र ने बताया कि वह हाउसिंग बोर्ड से सेवानिवृत्त है। 13 अक्टूबर को वह गन्नौर स्थित पंजाब नेशनल बैंक से 1 लाख 10 हजार रुपये निकालकर सब्जी मंडी पहुंचा, जहां सब्जी खरीदने के बाद उसने राशि व सब्जी थैले में रखकर साइकिल के पीछे टांग ली। रास्ते में अगवानपुर रोड पर बाइक सवार तीन युवकों ने उससे सोनीपत का रास्ता पूछा और गन्नौर की ओर निकल गए। घर पहुंचने पर जगमेंद्र ने देखा कि साइकिल से थैला गायब था।

### कहासुनी की रंजिश में युवक से मारपीट

**गोहाना।** पानीपत से गांव गंगाना में ताऊ के घर आए युवक को कहासुनी की रंजिश को लाठी-डंडों से पीट दिया। बरोदा थाना में केस दर्ज किया गया। मूल रूप से गांव गंगाना के मोनू ने पुलिस को बताया कि वह करीब आठ साल से परिवार के साथ पानीपत के विकास नगर में रह रहा है। दो दिन पहले वह गांव में ताऊ सतबीर के घर आया था। वह शाम को खाना खाने के बाद सो गया था। देर रात को उसके पास गांव के अमित का फोन आया और उसे गांव के बस स्टैंड पर बुलाया। वह वहां गया तो अमित व उसके चार-पांच साथी मिले, जो लाठी-डंडे लिए हुए थे। वह उन्हें देखकर वापस आने लगा तो वे उसे एक प्लाट में ले गए। इसके बाद वे उसे लाठी-डंडों से पीटने लगे। शोर मचाने पर धमकी देकर फरार हो गए।

### आईएमटी में ट्राला चालक से लूटपाट

**खरखौदा।** सोमवार रात आईएमटी खरखौदा क्षेत्र में दो युवकों ने ट्राला चालक से लूटपाट की। गोपालपुर निवासी सुमित कुमार ने पुलिस को बताया कि वह अपने हेल्पर अभिषेक के साथ ट्राला लेकर आईएमटी खरखौदा में मारुति कंपनी की कार लोड करने आया था। रात करीब 1: 30 बजे जब वह अपने हेल्पर अभिषेक के साथ तारा ट्रांसपोर्ट कंपनी, सोहटी की पार्किंग के लिए गया, तो ब्रेज़ा कार में सवार दो युवकों ने ट्राला को रोक लिया। इनमें से एक युवक के हाथ में पिस्तौलनुमा हथियार था। आरोपियों ने ड्राइवर और हेल्पर को धमकाकर नीचे उतारा और दो मोबाइल फोन व लगभग 25 हजार रुपए की नकद राशि लूट ली। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। ट्राला केबिन में जांच करने पर एक पर्स व आधार कार्ड मिला, जिसमें नाहरा निवासी दिपेश लिखा हुआ था। पीड़ित चालक ने बताया कि यही युवक घटना में शामिल था।

# मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना : 13 गांवों के 779 पात्र लाभार्थियों को मिले प्लॉट

**ग्रामीण बोले-** अब अपने सपनों का घर बनाकर सम्मानजनक जीवन जी सकेंगे



■ जिला परिषद हॉल सोनीपत में आवंटन के लिए अपनाई लक्की ड्रा प्रक्रिया, सैकड़ों ग्रामीण पहुंचे

**सोनीपत।** मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना-2.0 (एमएमजीएवाई-2.0) के तहत मंगलवार को जिला परिषद हॉल सोनीपत में लक्की ड्रा का आयोजन किया गया। इस ड्रा में गोहाना, खरखौदा, मुंडलाना, गन्नौर और सोनीपत ब्लॉक के 13 गांवों के ग्राम सभा द्वारा अनुमोदित पात्र लाभार्थियों को आवासीय प्लॉट आवंटित किए गए। कुल 779 लाभार्थियों को इस योजना के अंतर्गत उनके अधिकार अनुसार प्लॉट दिए गए। अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन ने बताया कि ड्रा की प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से की गई, जिसमें सभी पात्र परिवारों को समान अवसर दिया गया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना-2.0 का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को आवास हेतु भूमि उपलब्ध कराना है, ताकि वे अपने सपनों का घर बनाकर सम्मानजनक जीवन जी सकें। सरीन ने बताया कि योजना के अंतर्गत जिले के सभी ब्लॉकों में पात्र परिवारों का चयन ग्राम सभा की स्वीकृति से किया गया है। इस अवसर पर डीडीपीओ ललिता वर्मा, एई-हाउसिंग फॉर ऑल अतुल, बीडीपीओ अंकुर, बीडीपीओ राजेश टिवाना, बीडीपीओ परमेंद्र और बीडीपीओ सुरेंद्र आर्य सहित विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



### बली ब्राह्मण से 55 और बरोटा से 69 लोगों का प्लॉट निकला

लाभार्थियों की सूची के अनुसार, गोहाना ब्लॉक के गांव बली ब्राह्मण से 55 और बरोटा से 69 लाभार्थी चयनित हुए। गन्नौर ब्लॉक के गांव पांची जटान के 27, बड़ी के 119 तथा महमूदपुर माजरा के 28 परिवारों को प्लॉट आवंटित किए गए। खरखौदा ब्लॉक के गांव खांडा आलमन पाना से 50, नकलोई से 18 और गोपालपुर राजान पाना से 10 पात्र परिवारों को यह लाभ मिला। वहीं मुंडलाना ब्लॉक के शामड़ी बुरान गांव से 36, शिवान्का से 34 और बुसाना से सर्वाधिक 41 लाभार्थियों को प्लॉट मिले। सोनीपत ब्लॉक के दोदवा गांव के 55 तथा किलोहड़द गांव के 88 पात्र परिवारों को भी योजना का लाभ मिला।

रोडवेज प्रबंधन ने तैयार किया अतिरिक्त बसों का प्रस्ताव, दिल्ली-चंडीगढ़ रूट पर सबसे अधिक दबाव

# त्योहारों पर यात्रियों को सौगात देने की तैयारी तीन अतिरिक्त बसों की मांग, फेरे भी बढ़ेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

दीपावली और अन्य त्योहारी सीजन नजदीक आने के साथ ही रोडवेज बसों में यात्रियों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। सामान्य दिनों की तुलना में यात्रियों की संख्या में अचानक बढ़ोतरी होने से रोडवेज बस अड्डे पर दिनभर गहमागहमी का माहौल बना हुआ है। दिल्ली, चंडीगढ़, करनाल, पानीपत, रोहतक और राजस्थान की ओर जाने वाली लंबी रूट की बसों में सबसे अधिक भीड़ दर्ज की जा रही है।

त्योहारी मौसम में अधिकतर लोग अपने घरों को लौट रहे हैं, जिससे सुबह से देर रात तक बस अड्डे पर यात्रियों की चहल-पहल बनी रहती है। बढ़ती भीड़ को देखते हुए रोडवेज प्रबंधन ने यात्रियों की सुविधा के लिए बसों के फेरे बढ़ाने की योजना तैयार की है। अधिकारियों ने बताया कि बढ़ती सवारियों को संभालने के लिए तीन अतिरिक्त बसों की मांग की गई है। साथ ही मौजूदा बसों के अतिरिक्त फेरे चलाने पर भी विचार किया जा रहा है ताकि किसी यात्री को परेशानी न हो।



### बस अड्डे पर दिनभर गहमागहमी सीट न मिलने से यात्री परेशान

त्योहारी रश के कारण बस अड्डे पर टिकट काउंटरों पर लंबी कतारें लग रही हैं। कई बार यात्रियों को अपनी मंजिल तक पहुंचने के लिए अगली बस का इंतजार भी करना पड़ रहा है। रोडवेज अधिकारियों ने बताया कि बस संचालन को सुचारू बनाए रखने और भीड़ नियंत्रित करने के लिए चालकों और परिचालकों को विशेष निर्देश दिए गए हैं। यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए अतिरिक्त स्टाफ की ड्यूटी भी लगाई गई है।

### अधिकतम सुविधा देने की तैयारी, मिलेगी राहत

अधिकारियों का कहना है कि जैसे-जैसे त्योहार नजदीक आएंगे, बसों की संख्या और फेरे बढ़ाए जाएंगे। इससे यात्रियों को समय पर बसें उपलब्ध हो सकेंगी और अनावश्यक प्रतीक्षा से राहत मिलेगी। साथ ही अतिरिक्त बसें चलाने के लिए मुख्यालय से अनुमति मांगी गई है। विभाग ने यात्रियों से अपील की है कि वे भीड़भाड़ की स्थिति में असुविधा से बचने के लिए समय से पहले अड्डे पर पहुंचे।

## त्योहारी सीजन में मिठाइयों की बढ़ी मांग मिलावट रोकने के लिए खाद्य विभाग सतर्क

**सोनीपत।** दीपावली और त्योहारी सीजन में मिठाइयों की मांग बढ़ने के साथ ही मिलावटखोर भी सक्रिय हो जाते हैं। इसको देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग ने जिलेभर में निगरानी तेज कर दी है। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी बिजेंद्र यादव ने मंगलवार को विवेकानंद चौक स्थित एक रेस्टोरेंट में शहर के हलवाइयों की बैठक ली, जिसमें मिठाइयों की गुणवत्ता बनाए रखने और सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। बैठक में शहर के प्रमुख हलवाई मौजूद रहे। एफएसओ बीरेंद्र ने चेतावनी दी कि अब जिले में रोजाना सैंपलिंग अभियान चलाया जाएगा। जहां कहीं भी मिलावट पाई गई, वहां संबंधित दुकानदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान लोगों की सेहत से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

### सैंपल भरकर लैब में भेजे जाएंगे

इस मौके पर एसएसओ बीरेंद्र ने कहा कि मिलावटी मिठाइयां बेचने वालों के खिलाफ विभाग सख्त रुख अपनाएगा। विभाग की टीमें बाजारों और मिठाई दुकानों से सैंपल लेकर प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजेंगी। जांच रिपोर्ट में गड़बड़ी मिलने पर दुकानदारों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने हलवाइयों से अपील की कि वे अपनी दुकानों का समय पर पंजीकरण कराएं, मिठाइयों में शुद्ध सामग्री का प्रयोग करें और उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ न करें।

**कई दिन** से परेशान कर रहा था मनचला

## नाबालिग का पीछा करने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**सोनीपत।** कुंडली थाना सोनीपत पुलिस ने नाबालिग लड़की के साथ छेड़खानी करने व पीछा करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित हरिश निवासी स्वरूप नगर लिवासपुर दिल्ली हाल में टस्कन सिटी कुंडली का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। राजस्थाना हाल में सोनीपत निवासी एक व्यक्ति ने गत 13 अक्टूबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि एक युवक हर रोज उसकी बेटी का पीछा करता है। उसके साथ छेड़छाड़ करता है। उसकी लड़की का निकलते समय हाथ पकड़ लेता है। पीड़ित ने बताया कि आरोपित 12 अक्टूबर को करीब साढ़े नौ बजे उसके घर पर आया। दरवाजे को धक्का मारकर अंदर घुस गया। डर के चलते उसकी नाबालिग बेटी व परिवार के सदस्य सहम गए। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। जांच अधिकारी उप निरीक्षक संतोष की टीम ने मामले ममें केस दर्ज किया था। पुलिस ने लड़की का मेडिकल करवाकर अदालत में बयान दर्ज करवाएं। वहीं दूसरी तरफ आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया



सिसाना के कन्या विद्यालय की छात्राओं को दिया दीपावली का उपहार

## गांव के समाज सेवी परिवार ने लाइब्रेरी को ढाई लाख में लगवाया फर्नीचर

पांच लाख रुपए की राशि से बास्केटबॉल मैदान तैयार करवाया बेटियों को मिठाई से भरे टिफिन किए वितरित

**खरखौदा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक कन्या विद्यालय सिसाना में मूलतः गांव के ही समाज सेवी परिवार द्वारा अढ़ाई लाख से लाइब्रेरी में फर्नीचर आदि उपलब्ध कराया गया है। पांच लाख रुपए की राशि से बास्केटबॉल मैदान तैयार करवाया गया। इसके अलावा स्कूल की करीब 80 फुट लंबी दीवार का पुनर्निर्माण कराया जा रहा है। मंगलवार को दीपावली के उपलक्ष में आयोजित समारोह में विद्यालय की सभी छात्राओं को मिठाई से भरे स्टील के टिफिन भेंट किये गये। वेदपाल ठेकेदार के पुत्र धर्मेंद्र, हरविंदर टोनी व भूपेंद्र ने पारिवारिक तौर पर समाज सेवा रूपी पुण्य का कार्य किया गया है। गांव के रिटायर्ड इंस्पेक्टर राजेंद्र दहिया ने बताया कि इससे पहले इस परिवार द्वारा पिछले वर्ष लगभग 400 छात्राओं को स्कूल ड्रेस व जूते वितरित किए गए थे। आगामी फरवरी 2026 में पुनः सभी छात्राओं को स्कूल ड्रेस व जूते वितरित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि वर्ष 2007 में तत्कालीन ग्राम पंचायत ने विद्यालय को तीन एकड़ पंचायती भूमि मुहैया कराई थी।



**छात्रवृत्ति भी दी जा रही :** शिक्षा व खेल क्षेत्र में प्रतिभाशाली छात्राओं को प्रतिवर्ष सेवानिवृत्त प्रिंसिपल सुभाष दहिया द्वारा छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। प्रिंसिपल सुमन ने विद्यालय को आर्थिक सहयोग देने के लिए समाजसेवी परिवार का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सरपंच जगबीर, सुदेश, सुरेश, पूर्व सरपंच धर्मवीर, पंडित कृष्ण, आजाद सिंह आदि मौजूद रहे।

## समय सीमा समाप्त, अब प्रॉपर्टी टैक्स नहीं भरने वालों पर होगी सीलिंग की कार्रवाई

**गन्नौर।** नगर पालिका गन्नौर ने गृह कर बकायादारों को बकाया जमा करवाने के लिए नोटिस जारी किए थे। अब नोटिस में तय की गई समय सीमा समाप्त होने के बाद भी गृह कर जमा न करवाने वालों के खिलाफ अब नगरपालिका सीलिंग की प्रक्रिया शुरू करेगी। नगरपालिका ने पिछले सप्ताह ही सभी बकायादारों को नोटिस जारी कर तीन दिन के भीतर बकाया जमा कराने के निर्देश दिए थे।

### सख्ती : लाखों-करोड़ों का बकाया

बकायेदारों में कुल 12 ऐसे निजी व सरकारी विभाग शामिल हैं, जिन पर करीब 1 करोड़ 75 लाख 15 हजार रुपये बकाया हैं। इनमें पशुपालन विभाग पर 54 लाख 39 हजार 691, जनस्वास्थ्य विभाग पर 38 लाख 28 हजार 347, जैन स्कूल पर 35 लाख 98 हजार 992, दुर्गा स्कूल पर 13 लाख 66 हजार 15, बिंदिया सेतिया पेट्रोल पंप पर 13 लाख 1 हजार 760, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग पर 8 लाख 78 हजार 852, राजस्व विभाग पर 6 लाख 3 हजार 256, हैफेड गोदाम पर 1 लाख 68 हजार 497, हैफेड गोदाम गढ़ी केसरी रोड पर 1 लाख 25 हजार 509, हैफेड निकट आईटीआई गन्नौर पर 1 लाख 20 हजार, पुलिस थाना पर 68 हजार 624 व जनस्वास्थ्य विभाग-2 पर 15 हजार 439 रुपये बकाया हैं। नोटिस में साफ तौर पर कहा गया था कि समय पर टैक्स न भरने वालों के खिलाफ सीधी सीलिंग कार्रवाई होगी।

सर्दी के मौसम में नागरिक अस्पताल की ओपीडी के समय में बदलाव

ठंड में मरीजों को नहीं होगी परेशानी, अस्पताल की बढ़ती भीड़ के बीच नई व्यवस्था

# 16 से सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक चलेगी ओपीडी, नया शेड्यूल 15 अप्रैल तक रहेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

सर्दी के मौसम को ध्यान में रखते हुए जिला स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों की सुविधा के लिए अस्पतालों में ओपीडी (आउट पेशेंट डिपार्टमेंट) के समय में बदलाव किया है। अब जिला नागरिक अस्पताल और सभी उपमंडल नागरिक अस्पतालों में 16 अक्तूबर से ओपीडी का समय सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक रहेगा। शाम की ओपीडी पहले की तरह शाम 4 से 6 बजे तक ही संचालित होगी। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि यह बदलाव ठंड के मौसम में मरीजों को बेहतर सुविधा और आरामदायक समय पर इलाज उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया गया है।

### साल में दो बार होता है समय में परिवर्तन

जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि हर वर्ष मौसम के अनुसार अस्पतालों के समय में दो बार परिवर्तन किया जाता है। इस बार भी तापमान में गिरावट को देखते हुए नया समय निर्धारित किया गया है, जो 15 अप्रैल 2026 तक प्रभावी रहेगा। इसके तहत ओपीडी पर्ची बनाने की खिड़की अब सुबह 9 बजे खुलेगी और दोपहर 2 बजे तक खुली रहेगी, जबकि दवा वितरण की खिड़की का समय भी सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक रहेगा। पहले यह व्यवस्था सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक लागू थी।




### मौसमी बीमारियों से लोग परेशान

*स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इन दिनों मौसम में बदलाव और बारिश के कारण खांसी, जुकाम, बुखार, वायरल और अन्य मौसमी बीमारियों के मरीजों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। नागरिक अस्पताल की ओपीडी में रोजाना करीब दो हजार से अधिक मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। मरीजों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए विभाग ने चिकित्सकों और मेडिकल स्टाफ को समय परिवर्तन संबंधी दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं।*

### वरिष्ठ नागरिकों बच्चों और गर्भवती को मिलेगी राहत

अधिकारियों के अनुसार, नया ओपीडी समय वरिष्ठ नागरिकों, बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए अधिक सुविधाजनक रहेगा। पहले सुबह ठंड के कारण उन्हें अस्पताल पहुंचने में परेशानी होती थी, लेकिन अब समय में एक घंटे की बढ़ोतरी से उन्हें राहत मिलेगी। विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे 16 अक्तूबर से लागू होने वाले नए समय के अनुसार अस्पताल पहुंचे और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ समय पर प्राप्त करें।

सोनीपत अनाज मंडी में पीआर धान की खरीद ठप

# किसान बोले- कई दिन से मंडी में भटक रहे संगठन ने सरकार को दी आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

जिले की अनाज मंडी में पिछले दस दिनों से पीआर धान की सरकारी खरीद न होने से किसानों में भारी रोष है। किसानों का कहना है कि सरकार की ओर से खरीद शुरू करने की घोषणाएं तो की जा रही हैं, लेकिन जमीन पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही। मंडी में हजारों क्विंटल धान खुले में पड़ी है, जिससे किसानों को आर्थिक और मानसिक दोनों तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



### बहानेबाजी कर रही कर्मचारी व अधिकारी

किसानों ने बताया कि हर रोज वे अपनी फसल लेकर मंडी में पहुंचते हैं, पर अधिकारियों की ओर से कभी बोरियों की कमी, तो कभी तकनीकी कारण बताकर खरीद टाल दी जाती है। इससे सरकार के दावों की पोल खुल रही है। किसान डॉक्टर सतपाल की धान की ट्रॉली पिछले सात दिन से मंडी में खड़ी है, जबकि किसान रामफल दोदवा, जो प्रधान भी हैं, उनकी फसल भी अब तक नहीं खरीदी गई है। ऐसी स्थिति का सामना अनेक किसानों को करना पड़ रहा है

### एआईकेकेएमएस ने की निंदा

ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन (एआईकेकेएमएस) ने इस लापरवाही की कड़ी निंदा की है। संगठन के उपाध्यक्ष ईश्वर सिंह दहिया ने कहा कि मंडियों में किसानों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि सरकार ने जल्द खरीद प्रक्रिया शुरू नहीं की, तो संगठन बड़ा आंदोलन शुरू करेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी।



## दुश्मनों का सामना करते नजर आए अगस्त्य

**मुंबई।** मंगलवार को अरुण खेत्रपाल की जयंती पर फिल्म निर्माताओं ने परमवीर चक्र विजेता अधिकारी अरुण खेत्रपाल की कहानी से प्रेरित फिल्म 'इक्कीस' के एक्टर की झलक दिखाकर फैंस को खुश कर दिया है। श्रीराम राघवन द्वारा निर्देशित फिल्म 'इक्कीस' में अगस्त्य नंदा का लुक सामने आया है। एक पोस्टर में अगस्त्य नंदा हाथ में बंदूक लिए युद्ध में दुश्मनों का सामना करते नजर आ रहे हैं। इस पोस्टर के साथ निर्माताओं ने फिल्म की शूटिंग को लेकर अहम जानकारी देते हुए कैप्शन में लिखा, 'अरुण खेत्रपाल की जयंती पर, 'इक्कीस' की शूटिंग पूरी हो गई है, एक ऐसी कहानी जो हमेशा हमारे दिलों में रहेगी।

लाइफ Style



# श्रीलीला

## एजेंट मिर्ची के रोल में पोस्टर हुआ रिलीज

एजेंसी ▶▶ मुंबई

श्रीलीला ने मंगलवार को अपनी आगामी फिल्म से 'एजेंट मिर्ची' के रूप में अपना पहला लुक जारी किया है। फिल्म के बारे में अभी ज्यादा जानकारी नहीं दी गई है, लेकिन नए पोस्टर से लगता है कि यह एक्शन से भरी मजेदार फिल्म होगी। श्रीलीला ने इंस्टाग्राम पर अपना धांसू लुक शेयर किया और साथ ही कैप्शन में लिखा, 'रेडी, स्टेडी, फायर... मिर्ची लगाने वाली है। 19 अक्टूबर #आग लगा दे।' श्रीलीला की पोस्ट कुछ ही मिनटों में वायरल हो गई। फैंस ने उनकी तारीफ की। एक फैन ने कहा, 'सिंड्रेला अब लेडी जेम्स बॉन्ड बन गई', एक और फैन ने लिखा, 'लीला ऑन फायर एक्शन'। श्रीलीला के लुक से पहले इसी फिल्म से बॉबी देओल का एक पोस्टर जारी किया गया था। बॉबी मोटे काले चश्मे और लंबे बालों में नए अंदाज में दिखे। वे बैंगनी शर्ट और कोट पहने नजर आए। पोस्टर में हेलीकॉप्टर दिखाया गया, बाकी के पोस्टर में लाल और आग जैसी थीम दिखाई दी। यह श्रीलीला के पोस्टर से मेल खाती है। श्रीलीला के पास कई प्रोजेक्ट्स हैं। अगली फिल्म 'मास जथारा' रवि तेजा के साथ है, जो 31 अक्टूबर को रिलीज होगी। पवन कल्याण के साथ 'उस्ताद भगत सिंह' पुलिस एक्शन ड्रामा है।

श्रीलीला जल्द ही एक फिल्म में एजेंट मिर्ची के किरदार में नजर आएंगी। श्रीलीला की इस फिल्म में उनके साथ बॉबी देओल नजर आएंगे। हालांकि, फिल्म के नाम की घोषणा अभी तक नहीं हुई है। फिल्म से श्रीलीला के लुक को फैंस बेहद पसंद कर रहे हैं।

## हॉलीवुड मसाला




### एफ1 : द मूवी ओटीटी पर होगी रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड सुपरस्टार ब्रैड पिट की धमाकेदार सुपरहिट फिल्म 'एफ1 : द मूवी' ने बॉक्स ऑफिस पर दुनियाभर में धूम मचाई। अकेले भारत में इस फिल्म ने 105.34 करोड़ का नेट कलेक्शन किया।अब, हम एप्पल टीवी की बेजोड़ ग्लोबल रीच के जरिए से इस रोमांचक, सिनेमाई सफर को दुनियाभर के प्रशंसकों तक डिजिटल स्ट्रीम करने के लिए बेहद उत्साहित हैं।' यह फिल्म एप्पल टीवी पर 12 दिसंबर को रिलीज होगी।




### नए कॉमेडी शो के साथ वापस आ रहे

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता रोवन एटकिंसन अपनी जबरदस्त कॉमेडी के लिए जाने जाते हैं। वह उन चुनिंदा अभिनेताओं में शुमार किए जाते हैं, जो बिना कुछ कहे ही अपने अभिनय से लोगों को हंसा सकते हैं। उन्हें उनके चर्चित किरदार मिस्टर बीम के लिए भी जाना जाता है। वह जल्द ही एक नए शो के साथ आ रहे हैं। मशहूर अभिनेता रोवन एटकिंसन नेटफ्लिक्स पर जल्द ही अपने कॉमेडी शो 'मैन वर्सेस बेबी' के साथ वापस आ रहे हैं। यह सीरीज इस साल 11 दिसंबर को ओटीटी पर स्ट्रीम होगी। सीरीज के चार एपिसोड होंगे। नेटफ्लिक्स ने एक्स पर इस सीरीज का ऐलान करते हुए कई तस्वीरें शेयर की हैं। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि रोवन एटकिंसन एक बच्चे के साथ नजर आ रहे हैं। एक तस्वीर में वह दो बच्चों के साथ हैं और दोनों को दूध पिला रहे हैं।



## अपने संघर्ष की तुलना शाहरुख से की

**मुंबई।** कंगना रनौत बेबाकी से अपनी बातों को रखने के लिए बॉलीवुड में जानी जाती हैं। इस वजह से कई बार वह कंट्रोवर्सी का शिकार भी हुईं। पिछले दिनों एक्ट्रेस ने एक इवेंट में शाहरुख खान और अपने स्ट्रगल की तुलना की। अपने स्ट्रगल को वह ज्यादा मुश्किल बताती हैं। पिछले हफ्ते नई दिल्ली में हुए एक इवेंट में कंगना रनौत ने अपने करियर को लेकर बातचीत की। वह कहती हैं, 'मुझे इतनी सक्सेस क्यों मिली? शायद ही कोई और होगा जो गांव से आकर मेनस्ट्रीम में इतनी सक्सेस हासिल कर पाया हो। आप शाहरुख खान की बात करें, वे दिल्ली से हैं, कॉन्वेंट में पढ़े हैं। लेकिन मैं एक ऐसे गांव (भांबला) से हूं, जिसके बारे में किसी ने सुना भी नहीं होगा।' कंगना रनौत का जन्म 23 मार्च 1986 को हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के एक छोटे से कस्बे भांबला में हुआ। मां एक स्कूल टीचर थीं।



## 'संक्रांतिकी' के हिंदी रीमेक में आएंगे नजर

**मुंबई।** तेलुगु सिनेमा के सुपरस्टार वेंकटेश दग्गुबाती की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'संक्रांतिकी वस्तुनम' अब हिंदी में बनने जा रही है। इस फिल्म ने साउथ बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था और अक्षय कुमार इसे नए अंदाज में बड़े पर्दे पर लेकर आने वाले हैं। वेंकटेश की इस जबरदस्त एक्शन-कॉमेडी फिल्म का हिंदी रीमेक बनाने की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। इस फिल्म को निर्देशित किया था अनिल रविपुडी ने और यह साल की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली तेलुगु फिल्म साबित हुई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म ने दुनिया भर में 250 से 300 करोड़ रुपए की कमाई की थी। रिपोर्ट की मानें तो अक्षय कुमार ने इस रीमेक के लिए अपनी हामी भर दी है। अक्षय को तेलुगु फिल्म का कॉन्सेप्ट और स्क्रीनप्ले इतना पसंद आया कि उन्होंने तुरंत इसके हिंदी रीमेक का फैसला कर लिया।

## टीवी मसाला



### केबीसी में ऋषभ ने बिग बी को गिफ्ट की लुंगी

**नई दिल्ली।** लोकप्रिय क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति 17' का नया एपिसोड फैंस के लिए यादगार पल लेकर आने वाला है। इस बार हॉट सीट पर पहुंचे हैं कन्नड़ सिनेमा के सुपरस्टार एक्टर-डायरेक्टर ऋषभ शेट्टी, जो इन दिनों अपनी फिल्म 'कांतारा चैप्टर 1' से बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रहे हैं। मेकर्स ने एक प्रोमो जारी किया है जिसमें ऋषभबिग बी से एक खास रिक्वेस्ट करते नजर आ रहे हैं। प्रोमो वीडियो में ऋषभ शेट्टी ने मुस्कुराते हुए बिग बी से कहा, 'सर, आपका 'अग्निपथ' वाला डायलॉग सुनने का बहुत मन है।' अमिताभ बच्चन ने भी अपने ही अंदाज में उनकी यह रिक्वेस्ट पूरी की। उन्होंने अपनी फिल्म के किरदार विजय दीनानाथ चौहान के जैसे ही कहा- 'ऋषभ शेट्टी सर, ग्यारहवां प्रश्न आपके स्क्रीन पर डालते हैं। सात लाख पचास हजार रुपए में से पचास हजार आपके, सात लाख हमारे!' यह सुनते ही सेट पर मौजूद हर कोई तालियां बजाने लगा। इसके अलावा मेकर्स ने एक और प्रोमो जारी किया है जिसमें बिग बी ऋषभ शेट्टी को मंच पर आमंत्रित करते हैं। इस दौरान ऋषभ लुगी पहने हुए नजर आ रहे हैं। साथ ही उन्होंने अमिताभ को भी लुंगी गिफ्ट की है। ऋषभ द्वारा इस गिफ्ट को स्वीकार करने के बाद बिग बी ने कहा कि वो जरूर इस तोहफे को पहनेंगे। इसके बाद अमिताभ का मजाकिया अंदाज भी नजर आया। उन्होंने कहा- 'अगर ये थोड़ा भी इधर से उधर हो गया तो मामला इंटरनेशनल हो जाता है।'

### जीशान ने अमाल को कहा धोखेबाज

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 से पिछले हफ्ते एविक्ट हो गए जीशान कादरी अब घर में बिताए वक्त, और बाकी खिलाड़ियों के बारे में खुलकर बात कर रहे हैं।



जीशान कादरी की बिग बॉस हाउस में तान्या, नीलम, अमाल, शहबाज और मालती से अच्छी दोस्ती हो गई थी। घर में ज्यादातर वक्त रणनीति बनाते, या दूसरों को शांत करते नजर आते जीशान ने बाहर आने पर तान्या और अमाल के बारे में अपनी राय खुलकर जाहिर की है। जीशान कादरी ने कहा कि वह अमाल मलिक को असल में अपना सच्चा दोस्त नहीं मानते हैं, क्योंकि उन्होंने कई बार उन्हें धोखा दिया है। जीशान कादरी ने कहा, 'अमाल ने कई बार मुझे धोखा दिया है। मैंने बाहर निकल कर कई क्लिप देखीं जहां वो नेहल को बोल रहा है कि हम अलग ग्रुप बनाएंगे, और कह रहा है 'जीशान जी का हो गया।' तो मुंह पर बोलता ना, इतनी आजादी तो दी थी मैंने उसे। उसने मुंह पर बोला? इसे ही धोखा कहते हैं, यह तकलीफ देता है।' जीशान ने कहा कि वह अमाल को छोटे भाई की तरह देख रहे थे, इसलिए जो कुछ खोया वो उन्होंने (अमाल ने) खोया है, मैंने कुछ नहीं खोया।

## बहुत एक्टिव रहने वाला काम है एक्टिंग : काजोल



**मुंबई।** काजोल ने अपने टॉक शो 'टू मच' में पिछले दिनों कहा था कि एक्टर्स 9 से 5 की नौकरी करने वालों से ज्यादा मेहनत करते हैं। यह बात सोशल मीडिया यूजर्स को रास नहीं आई, काजोल को इस बात के लिए ट्रोल किया गया। काजोल ने फिर इस बात को लेकर बयान दिया है, साथ ही अपनी पुरानी बातों को सही साबित करने के लिए कुछ बातों का जिक्र किया है। एक इंटरव्यू में काजोल कहती हैं, 'एक्टिंग बहुत एक्टिव रहने वाला काम है। जब हम शूटिंग पर होते हैं तो पूरा ध्यान उसी काम पर होता है। मैंने 35 से 40 दिनों तक सीरीज 'द ट्रायल 2' के लिए लगातार शूटिंग की। इस दौरान एक्सरसाइज पर, डाइट पर ध्यान दिया। हमारे लुक में जरा सा चेंज भी पूरे प्रोसेस को खराब कर सकता है। इस वजह से हम पर बहुत दबाव होता है।' काजोल आगे कहती हैं, 'जब आप 9 से 5 की नौकरी करते हैं, तो टी ब्रेक ले सकते हैं, थोड़ा आराम कर सकते हैं। हम ऐसा नहीं कर सकते हैं। हम कैसे बैठते हैं? कैसे मुस्कुराते हैं? इन बातों पर भी नजर रखी जाती है। हम एक केतली की तरह हैं, जो हमेशा उबलती रहती है। हमें हमेशा अलर्ट रहना होता है, हम अक्सर टेंशन में रहते हैं और हम ऐसे ही जीते हैं।' काजोल की अपकमिंग फिल्म की बात करें तो वह 'महारागिनी' में नजर आएंगी।

## रश्मिका ने फिर फ्लॉन्ट की सगाई की अंगूठी



**मुंबई।** रश्मिका मंदाना और साउथ एक्टर विजय देवरकोंडा ने सगाई कर ली है। लेकिन, सगाई की तस्वीरें, फंक्शन बिल्कुल प्राइवेट रखे गए। विजय की टीम ने जरूर जानकारी दी कि शादी फरवरी में होगी। हाल ही में एयरपोर्ट पर रश्मिका मंदाना नजर आईं। जहां वह अपनी सगाई की अंगूठी को फ्लॉन्ट करती दिखीं। फैंस ने रश्मिका की वायरल वीडियो, लुक पर रिएक्शन भी दिए हैं।

रश्मिका का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है, जिसमें वह एयरपोर्ट पर नजर आ रही हैं। एयरपोर्ट पर वह सिंपल सूट-सलवार में दिखाई दीं, उनके बाल भी गीले नजर आए। जब पैपराजी ने फोटो के लिए कहा तो वह देरी का इशारा करती दिखीं। इस दौरान उनके हाथ में सगाई की अंगूठी नजर आई। पिछले दिनों भी एक इंस्टाग्राम पेज पर रश्मिका ने एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें उनकी सगाई की अंगूठी नजर आ रही थीं। लेकिन, अब तक अपनी सगाई को लेकर रश्मिका ने कोई बयान नहीं दिया है। जल्द ही रश्मिका की बॉलीवुड फिल्म 'थामा' रिलीज होगी। इसमें आयुष्मान खुराना है। इस फिल्म का ट्रेलर और रश्मिका का लुक पिछले दिनों काफी चर्चा में रहा। इसके अलावा वह एक साउथ इंडियन फिल्म 'गर्लफ्रेंड' में भी नजर आने वाली हैं।

### हॉरर से लेकर थ्रिलर तक, कॉमेडी से लेकर रोमांस तक

# इस हफ्ते ओटीटी पर होगी एंटरटेनमेंट की बरसात

***नई दिल्ली।** त्योहारों के मौसम की शुरुआत हो चुकी है और इसके साथ ही ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर मनोरंजन की भरपूर सौगात लेकर कई नई फिल्में और वेब सीरीज रिलीज होने जा रही है। इस हफ्ते दर्शकों के लिए हर जोनर की कहानियां पेश होंगी- हॉरर, थ्रिलर, ड्रामा और एक्शन से भरी। 'फाइनल डेस्टिनेशन 6: ब्लडलाइन्स' से लेकर 'भगवत चैप्टर वन: राक्षस' तक, इस हफ्ते का ओटीटी प्लेटर बेहद खास है।*

**हाउ टू ट्रेन योर ड्रैगन :** ड्रैगन की जादुई दुनिया को नए रूप में दिखाने वाली यह लाइव-एक्शन फिल्म उसी नाम की मशहूर एनिमेटेड मूवी का रीमेक है। शानदार विजुअल्स और भावनाओं से भरी यह कहानी एक बार फिर बच्चों और बड़ों सभी को पसंद आएगी। यह फिल्म 13 अक्टूबर को जियोहॉटस्टार पर रिलीज गई है।

**द नेबरहुड सीजन-8 :** मशहूर कॉमेडी शो 'द नेबरहुड' अब अपने आठवें और आखिरी सीजन के साथ दर्शकों से विदा ले रहा है। इस शो में पड़ोसियों के बीच के मजेदार रिश्तों और छोटे-छोटे सामाजिक मुद्दों को हल्के-फुल्के अंदाज में दिखाया गया है। नया सीजन 14 अक्टूबर जियोहॉटस्टार पर प्रसारित हुआ।



**फाइनल डेस्टिनेशन 6: ब्लडलाइन्स :** हॉरर फिल्मों के प्रशंसकों के लिए यह हफ्ता खास है। फाइनल डेस्टिनेशन सीरीज की छठी कड़ी 'ब्लडलाइन्स' 16 अक्टूबर को रिलीज होगी। इस फिल्म में मौत से भागते किरदारों की कहानी पहले से भी ज्यादा डर और रहस्य से भरी है। इसे जैक लिपोव्स्की और एडम स्टीन ने निर्देशित किया है और फिल्म जियोहॉटस्टार पर देखी जा सकेगी।



**द डिप्लोमैट सीजन-3 :** राजनीतिक साजिशों और कूटनीति की दुनिया पर आधारित यह लोकप्रिय वेब सीरीज फिर लौट रही है। इसमें एक अमेरिकी राजनयिक की कहानी दिखाई गई है जिसे ब्रिटेन में नियुक्त किया जाता है और वहां वह अंतरराष्ट्रीय संकटों में उलझ जाती है। सीरीज़ का तीसरा सीजन 16 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगा।

**भगवत चैप्टर वन: राक्षस :** भारतीय दर्शकों के लिए इस हफ्ते की सबसे बड़ी ओटीटी रिलीज मानी जा रही है- भगवत चैप्टर वन: राक्षस। यह एक अपराध-थ्रिलर फिल्म है जिसमें अरशद वारसी इंस्पेक्टर विश्वास भगवत की भूमिका में हैं, जबकि जितेंद्र कुमार प्रोफेसर समीर बने हैं। फिल्म का निर्देशन अक्षय शेर ने किया है। यह कहानी एक बड़े वेश्यावृत्ति रैकेट और उससे जुड़े रहस्यों पर आधारित है। यह फिल्म 17 अक्टूबर को जी5 पर रिलीज होगी।

**किष्किंधापुरी :** तेलुगु भाषा की यह हॉरर-थ्रिलर फिल्म दर्शकों को रहस्य और डर की नई दुनिया में ले जाएगी। कौशिक पेगल्लापाटी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में बेल्लमकोंडा साई श्रीनिवास और अनुपमा परमेस्वरन मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 17 अक्टूबर को ज़ी5 पर स्ट्रीम होगी।

**आई नो व्हाट यू डिड लास्ट समर :** 1998 की सुपरहिट स्लेशर फ्रैंचाइज़ की अगली कड़ी अब नए रूप में लौट रही है। इसमें पुरानी घटनाओं के राज और खून-खराबे से भरी कहानी दर्शकों को एक बार फिर सिहरने पर मजबूर करेगी। यह फिल्म 18 अक्टूबर को रिलीज़ होगी।

## खबर संक्षेप



गोसेवकों का स्वागत करते मनीष राई साथ में अन्य। फोटो :हरिभूमि

### जॉनी अल्ट्रा और हैप्पी गोसेवक का स्वागत

**सोनीपत।** गोमाता को राष्ट्रमाता घोषित करवाने और सनातन धर्म की अखंडता को मजबूत करने के उद्देश्य से 1200 किलोमीटर की दौड़ लगाने वाले जॉनी अल्ट्रा और हैप्पी गऊसेवक का सोमवार को सोनीपत पहुंचने पर जीव उपचार केंद्र में स्वागत किया गया। इस अवसर पर हिंदू नेता मनीष राई, उनकी टीम और तुलसी टीम मौजूद रही। मनीष राई ने बताया कि दोनों गऊसेवकों की यह दौड़ गऊमाता की सुरक्षा और राष्ट्र स्तर पर उन्हें विशेष स्थान दिलाने का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि भविष्य में जॉनी और हैप्पी 16,000 किलोमीटर की दौड़ लगाकर पूरे भारत का भ्रमण करेंगे, जो सनातन धर्म, भारतीय संस्कृति और गऊमाता को समर्पित होगी। गऊसेवक तुलसी ने कहा कि उनकी पूरी टीम इस मुहिम के साथ है और गोमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग का समर्थन करती है।

### दीपावली परिवार मिलन समारोह मनाया

**रोहतक।** भारत विकास परिषद् भगत सिंह शाखा द्वारा निजी गार्डन में दीपावली परिवार मिलन समारोह एवं दीप महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाज सेवी शिरकत की, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता नरेश जैनने की। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और वंदे मातरम के साथ की गई। सभी अतिथियों का पुष्पमालाओं, अंगवस्त्रों और बैज पहनाकर सम्मान किया गया। समारोह में महिलाओं, बच्चों और युगलों के लिए मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जगमोहन मित्तल ने दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए परिषद् द्वारा किए जा रहे संस्कार एवं सेवा कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में सभी गणमान्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए।

### फाउंडेशन कोर्स का समापन समारोह कल

**रोहतक।** पंडित भगवत दयाल शर्मा पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (पीजीआईएमएस) में एमबीबीएस बैच 2025 के फाउंडेशन कोर्स का समापन समारोह 16 अक्टूबर, 2025 को 11:00 बजे लेक्चर थियेटर 5 में आयोजित किया जाएगा। संस्थान के कुलपति डॉ. एचके. अग्रवाल, निदेशक डॉ. एसके सिंघल, डीन डॉ. अशोक चौहान, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. सविता सिंघल और वरिष्ठ प्रोफेसर एवं बायोकेमिस्ट्री विभाग की अध्यक्ष डॉ. सिम्मी खरब उपस्थित रहेंगे। जनसंपर्क विभाग के इंचार्ज डॉक्टर उमेश यादव ने बताया कि फाउंडेशन कोर्स का उद्देश्य नव प्रवेशित एमबीबीएस छात्रों को चिकित्सा शिक्षा में सुचारू रूप से प्रवेश करने में मदद करना है। इसमें पेशेवर नैतिकता, संचार कौशल, टीमवर्क, तनाव प्रबंधन, और मानसिक स्वास्थ्य पर सत्र शामिल हैं, योग, खेल, और पाठ्येतर गतिविधियों के माध्यम से समग्र विकास को बढ़ावा दिया जाता है।

# हरियाणा पंजाबी संघ ने दिवाली मिलन समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया

मिलन समारोह.....



**कविताओं और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को बनाया यादगार, भावनात्मक कविताओं और हास्य-पहेलियों से दर्शकों का मन मोहा, नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक नृत्य कार्यक्रमों ने सबका ध्यान आकर्षित किया और खूब तालियाँ बटोरीं**

हरिभूमि न्यूज >> गन्नौर

दीपावली पर हरियाणा पंजाबी संघ गन्नौर द्वारा एक गार्डन में परिवार मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में आपसी भाईचारा, सौहार्द और सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा देना था। समारोह की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र कुकरेजा ने सभी अतिथियों का हार्दिक स्वागत करते हुए कहा कि दीपावली का यह पर्व केवल रोशनी का नहीं बल्कि एकता, प्रेम और सहयोग का प्रतीक है। कार्यक्रम का मंच संचालन संघ के प्रधान दीपक बजाज ने अत्यंत सुंदर और प्रभावशाली ढंग से किया, जिसने पूरे समारोह को जीवंत बनाए रखा। समारोह का प्रमुख आकर्षण रहे मुल्तानी भाषा के कवि कमल नैन वर्मा एवं उनकी पत्नी ने अपनी भावनात्मक कविताओं और हास्य-पहेलियों से दर्शकों का मन मोह लिया। उनकी प्रस्तुति ने वातावरण को सांस्कृतिक रंगों से भर दिया। साथ ही, नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक नृत्य कार्यक्रमों ने सबका ध्यान आकर्षित किया और खूब तालियाँ बटोरीं। पंजाबी गौरव संघ सोनीपत से आए सतीश ने अपनी टीम के साथ शिरकत की और हरियाणा पंजाबी संघ गन्नौर द्वारा किए जा रहे समाजसेवी कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

**ये रहे मौजूद**

ट्यूलिप हॉस्पिटल के डॉ. अनुराग अरोड़ा एवं डॉ. अनुपमा सेठी अरोड़ा ने संघ के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में एकता और सांस्कृतिक जुड़ाव की भावना को मजबूत करते हैं। पूर्व पार्षद अंकित मल्होत्रा और हरीश वधवा ने दीपावली की बधाई दी। समारोह में एन. डी. खन्ना, डॉ. रमेश लिंझारा, प्रीतम आहूजा, संजीव डावरा, जीत मुटरेजा, अशोक वधवा, प्रेम, धर्मचंद खन्ना, भूषण, रामलाल मनचंदा, हर्ष अदलखा आदि मौजूद थे।

### नगर निगम में प्रदर्शन, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी उठाई

# कर्मचारियों की बहाली की मांग को लेकर धरना, जमकर नारेबाजी की

### जब तक कर्मियों को कार्य पर नहीं लिया जाता तब तक आंदोलन जारी रहेगा

**नगर निगम मेयर राजीव जैन से मुलाकात की**

हरिभूमि न्यूज >> सोनीपत

ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच, संबंधित मूल निवासी कर्मचारी कल्याण महासंघ और सहयोग बलि सेना यूनियन का धरना मंगलवार को 14वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता प्रधान मुकेश टांक ने की, जबकि संचालन सहसचिव युधिष्ठिर ने किया। धरने में कर्मचारियों ने हटाए गए सफाई कर्मियों की बहाली की मांग को लेकर नगर निगम प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।

प्रधान मुकेश टांक ने कहा कि निगम प्रशासन ने अब तक हटाए गए सफाई कर्मचारियों की कोई सुध नहीं ली है। यह कर्मचारियों के साथ अन्याय है कि जिन लोगों ने कोई गलती नहीं की, उन्हें ड्यूटी से हटा दिया गया, जबकि दोषियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने बताया कि इस संबंध में आज नगर निगम मेयर राजीव जैन से मुलाकात की गई।



सोनीपत। नगर निगम में विरोध प्रदर्शन करते सफाई कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि



सोनीपत। बैठक के दौरान मौजूद यूनियनों के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

**आंदोलन और तेज किया जाएगा**

मेयर ने आश्वासन दिया कि निगम आयुक्त हर्षित कुमार के लौटने पर इस विषय पर चर्चा कर समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा। धरने में शामिल कर्मचारियों ने सुबह अपने कार्य निपटाने के बाद दोपहर 12 बजे नगर निगम परिसर में एकत्र होकर प्रदर्शन किया। उन्होंने हटाए गए कर्मचारियों के समर्थन में आवाज बुलंद की और कहा कि जब तक उन्हें पुनः कार्य पर नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। आज के प्रदर्शन में मुकेश कर्मा, सावन कुमार, अनिल, युधिष्ठिर, रविंद्र, सागर, दीपक, मनीष, संजीव, अमित, सनी, ज्योति, पूनम, सुषमा, रानी, काजल, प्रमिला, पिंकी, सोनम, धनपति और निर्मला सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे। धरने पर कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं निकला तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## सीएम निवास पर प्रस्तावित ज्ञापन कार्यक्रम रद, 30 को होगी वार्ता

- कर्मचारी मंचों की संयुक्त कार्यकारिणी बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज >> सोनीपत

हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच, हुड्डा जन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन और हरियाणा कौशल रोजगार निगम कर्मचारी मंच की संयुक्त कार्यकारिणी बैठक मंगलवार को एचएसवीपी सेक्टर-15 स्थित यूनियन कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष आरके नागर ने की, जबकि संचालन प्रदेश कोषाध्यक्ष महावीर नागर ने किया। बैठक में दोनों नेताओं ने सभी का यूनियन की मांगों के प्रति सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। आरके नागर ने बताया कि एचएसवीपी प्रशासक हेडक्वार्टर द्वारा कुछ मांगे स्वीकार करने और 30 अक्टूबर को वार्ता का समय दिए जाने के बाद मुख्यमंत्री निवास पर 14 अक्टूबर को प्रस्तावित ज्ञापन कार्यक्रम रद्द कर दिया गया है।

**अप्रूवल जारी होगी**

उन्होंने बताया कि प्रशासक धर्मेंद्र ने यूनियन के 11 सदस्यीय शिष्ट मंडल से वार्ता के दौरान आश्वासन दिया है कि दीपावली पर कर्मचारियों को परफॉर्मेंस अवार्ड दिया जाएगा, कौशल रोजगार निगम कर्मचारियों की अप्रूवल शीघ्र जारी होगी और 58 वर्ष तक सेवा सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। इसके साथ ही शेष मांगों पर चर्चा के लिए 30 अक्टूबर को वार्ता का पत्र बाय हैंड प्रदान किया गया है। इस निर्णय से कर्मचारियों में खुशी की लहर है और आंदोलन की सफलता का जश्न मनाया गया। सभा में राज्यभर से आए कर्मचारियों ने भी भाग लिया, जिनमें बिजेंद्र रिवाल, महावीर नागर, सुनील चौहान, ध्रुव कुमार, समेश कुमार, सुरेंद्र रंगा, राकेश कुमार, बसंत कुमार, कुलदीप सिंह, शमशेर सिंह, महेंद्र शर्मा, राहुल, योगेश नागर, जगबीर सिंह और अनिल कुमार शामिल रहे।



सोनीपत। प्रतिभागी छात्राओं के साथ प्राचार्या एवं अन्य। फोटो :हरिभूमि

# पोस्टर प्रतियोगिता में खुशी अव्वल,अदिति रही द्वितीय

- जीवीएम में किया वन्य जीव सप्ताह समारोह का सफल आयोजन

हरिभूमि न्यूज >> सोनीपत

जीवीएम गर्ल्स कॉलेज के वनस्पति विज्ञान और प्राणी विज्ञान विभाग ने वन्यजीव सप्ताह 2025 को बड़े उत्साह और पर्यावरण संरक्षण की भावना के साथ मनाया। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने सफल आयोजन की बधाई दी। संयोजक प्राध्यापिका डा. तमन्ना ने बताया कि साप्ताहिक समारोह का उद्देश्य वन्य जीव संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाना और प्रकृति के अजूबों को श्रद्धांजलि विषय के अंतर्गत हमारे ग्रह पर जीवन की अविश्वसनीय विविधता को श्रद्धांजलि अर्पित करना रहा। इस मौके पर विद्यार्थियों को रचनात्मक और बौद्धिक गतिविधियों में संलग्न करने के लिए विभिन्न गतिविधियों और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें जैव विविधता के संरक्षण के महत्व पर जोर दिया गया। इस आयोजन में देश भर से 45 छात्रों ने भाग लिया।

**पुरस्कार वितरित**

इस दौरान तीन श्रेणियों में पुरस्कार वितरित किए गए। पोस्टर प्रतियोगिता में खुशी ने प्रथम स्थान, अदिति ने द्वितीय और इशिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कोलाज प्रतियोगिता में शैली सिंह ने प्रथम पुरस्कार जीता, जबकि वंशिका, रुचिका और नैन्सी ने संयुक्त रूप से द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। नवोन्मेषी विचारों के लिए लेखा ने प्रथम पुरस्कार, इशिता ने दूसरा और जागृति ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया।

**रुचिका प्रथम**

प्रथम पुरस्कार जीवीएम गर्ल्स कॉलेज की रुचिका सबरवाल को प्रदान किया गया। वहीं द्वितीय पुरस्कार गुरुग्राम विश्वविद्यालय गुरुग्राम के चिन्मय शर्मा को और तृतीय पुरस्कार डीपीजी डिग्री कॉलेज गुरुग्राम की गर्विता को मिला। इस आयोजन ने नवोदित फोटोग्राफरों को अपने कौशल का प्रदर्शन करने और दृश्य कथावाचन के माध्यम से वन्यजीव प्रशंसा में योगदान देने के लिए एक मंच प्रदान किया। इसके अलावा प्राणीशास्त्र विभाग ने संस्थान की नवाचार परिषद (आईआईसी) के सहयोग से नवाचार, संरक्षण, उत्सवः प्रकृति के चमत्कारों के प्रति श्रद्धांजलि विषय पर एक कॉलेज स्तरीय ग्रीन हैकथॉन का आयोजन किया।

## रामलीला में सीता स्वयंवर का आकर्षक मंचन



**गोहाना।** शहर में गुढ़ा रोड स्थित गीता विद्या मंदिर में विद्यार्थियों द्वारा रामलीला का मंचन किया गया। रामलीला मंचन से विद्यार्थी धर्म और सांस्कृतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दे रहे हैं। विद्यार्थियों ने मंगलवार को माता सीता के जन्म व सीता स्वयंवर का मंचन किया। इससे पहले विद्यार्थियों द्वारा भगवान राम जन्म और उनकी शिक्षाओं का मंचन किया जा चुका है। मार्गदर्शन शिशु वाटिका प्रमुख सुनीता वर्मा का रहा। विद्यालय के प्राचार्य अश्विनी कुमार ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में संस्कार, आत्मविश्वास और भारतीय संस्कृति के प्रति आस्था का विकास होता है। फोटोःहरिभूमि

# मानव अधिकार संरक्षण संघ ने आबकारी एवं कराधान के अतिरिक्त आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

### शिक्षण संस्थानों के पास नशे के पदार्थों की बिक्री पर रोक की मांग उठाई

**शिक्षा का वातावरण पवित्र प्रेरणादायक होना चाहिए**

हरिभूमि न्यूज >> सोनीपत

मानव अधिकार संरक्षण संघ ने मंगलवार को आबकारी एवं कराधान के अतिरिक्त आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में राजीव गांधी एजुकेशन सिटी सहित एसआरएम यूनिवर्सिटी और जिंदल यूनिवर्सिटी जैसे प्रमुख शिक्षण संस्थानों के आसपास सिगरेट, तंबाकू और एल्कोहल की बिक्री पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई। संघ ने अपने ज्ञापन में तर्क दिया कि शिक्षण संस्थानों के 100 मीटर के दायरे में नशे से संबंधित उत्पादों की बिक्री सीओटीपीए एक्ट 2003 के प्रावधानों का उल्लंघन है।



आबकारी एवं कराधान अतिरिक्त आयुक्त को ज्ञापन सौंपते संघ के पदाधिकारी।

**40% युवा नशे की लत से ग्रस्त**

इसे सख्ती से लागू किया जाना चाहिए। संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयवीर ने कहा कि शिक्षा का वातावरण पवित्र और प्रेरणादायक होना चाहिए। युवाओं को नशे की ओर धकेलने वाले बाहरी प्रभावों को रोकना प्रशासनिक और सामाजिक दोनों ही स्तर पर आवश्यक है। वहीं संघ के राष्ट्रीय संरक्षक डॉ. पूर्णमल गौड़ ने इसे अत्यंत गंभीर विषय बताते हुए कहा कि हाल ही के एक सर्वे के अनुसार कॉलेजों के लगभग 40% युवा किसी न किसी रूप में नशे की लत से ग्रस्त हैं।

**ये रहे मौजूद**

यह न केवल सामाजिक पतन का संकेत है बल्कि हमारे भविष्य की दिशा के लिए भी चिंताजनक है। ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधिमंडल में डॉ. सुभाष सिसोदिया, हेमंत नांदल, नरेश राठौर, सुशील गोयल, सतपाल राणा और जगबीर आंतिल शामिल रहे ।

**परेशानी**

## हिन्दू कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जागरूकता शिविर का आयोजन

# प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए सामुदायिक जागरूकता-प्रशासनिक सहयोग अत्यंत आवश्यक

प्रत्येक व्यक्ति अपने स्तर पर पर्यावरण संरक्षण एवं आपदा प्रबंधन में योगदान दे

हरिभूमि न्यूज >> सोनीपत

संयुक्त राष्ट्र "प्राकृतिक आपदा न्यूनीकरण अंतर्राष्ट्रीय दिवस" के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनीपत के तत्वाधान में मंगलवार को हिन्दू कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सोनीपत में जागरूकता शिविर का आयोजन किया। अधिवक्ता विकास सैनी व संजय ट्रेनिंग अफसर, रेडक्रॉस सोसाइटी सोनीपत ने अध्यापकों व विद्यार्थियों को प्राकृतिक आपदाओं से बचाव, प्रबंधन एवं तैयारी के संबंध में जानकारी प्रदान की।




सोनीपत। शिविर में विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

**अधिकारों से अवगत करवाया**

बताया कि जलवायु परिवर्तन, बाढ़, सूखा, भूकंप तथा प्रदूषण जैसी प्राकृतिक चुनौतियों से निपटने के लिए सामुदायिक जागरूकता और प्रशासनिक सहयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अध्यापको तथा विद्यार्थियों को सुझाव दिया कि प्रत्येक व्यक्ति अपने स्तर पर पर्यावरण संरक्षण एवं आपदा प्रबंधन में योगदान दे सकता है। कार्यक्रम में विकास सैनी ने नालसा स्कीम 2015 के अंतर्गत निशुल्क कानूनी सहायता की जानकारी दी और बताया कि जिन व्यक्तियों की वार्षिक आय 3 लाख रुपये से कम है, वे अपने मामलों के लिए निशुल्क पैनल अधिवक्ता की सहायता प्राप्त कर सकते हैं। जलवायु परिवर्तन, बाढ़, सूखा, भूकंप तथा प्रदूषण जैसी प्राकृतिक चुनौतियों से निपटने के लिए सामुदायिक जागरूकता और प्रशासनिक सहयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अध्यापको तथा विद्यार्थियों को सुझाव दिया कि प्रत्येक व्यक्ति अपने स्तर पर पर्यावरण संरक्षण एवं आपदा प्रबंधन में योगदान दे सकता है।शिविर के दौरान अध्यापको तथा विधार्थियों को आपदा प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण और विधिक अधिकारों से अवगत करवाया गया। कार्यक्रम में प्राचार्या किरण देवी एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



खरखौदा। विद्यार्थियों को दीये वितरित करते स्वयंसेवी। फोटो :हरिभूमि

**मिट्टी के दीये जलाने का आह्वान**

**खरखौदा ।** महाराणा प्रताप युवा समाज सेवा समिति व जीवन रक्षक ब्लड समिति की ओर से स्वदेशी उत्पादों को अपनाने व विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार करने का संकल्प दिलवाने के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान फरमाना व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुहणा में प्रोग्राम किये गए। दीप जलाओ, लड़ी भगाओ अभियान के तहत विद्यार्थियों को मिट्टी के दीपक वितरित किये गए। त्योहार हमारी संस्कृति और परंपराओं के प्रतीक हैं। दीपावली पर मिटी के दीपक जलाने का विशेष महत्व है, इसलिए विदेशी बिजली की लड़ियों की जगह हर घर में मिट्टी के दिये जलाने चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जयवीर गहलावत रहे।

**सूचना**

मैं, सतीश कुमार पुत्र श्री जिले सिंह पुत्र श्री खेरूमल निवासी रामनगर, तहसील गन्नौर, जिला सोनीपत बयान करता हूं कि मेरा पुत्र कपिल व पुत्रवधु गुनगुन मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**GOVT. SR. SEC. SCHOOL, SHEIKHPURA (3540), GANAUR (SONIPAT)**

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शेखपुरा गन्नौर (सोनीपत) में 6 शीशम व 1 सफेदा के पेड़ों की नीलामी की जानी है। जिसकी तिथि 24.10.2025 - S.M.C. (G.S.S.S Sheikhpura) के द्वारा प्रातः 9 बजे निर्धारित की गई है। इच्छुक बोलीदाता मौके पर पहुंच कर लाभ उठाए। बाकि शर्तें मौके पर बता दी जाएंगी।

हस्ता/-प्राचार्य
राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय
शेखपुरा, गन्नौर, सोनीपत

## खबर संक्षेप



### एनएसएस इकाई ने लगाया एक दिवसीय सेवा शिविर

**गन्नौर।** जैन गर्ल्स कॉलेज गन्नौर की एनएसएस (राष्ट्रीय सेवा योजना) इकाई द्वारा सौरभाँचल परिसर में एक दिवसीय सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार ने शपथ ग्रहण कराकर किया। प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार ने छात्राओं को संबोधित करते हुए एनएसएस के उद्देश्य, सामाजिक सेवा की भावना और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला।

### 'वोकल फॉर लोकल' से जगमगाएगी दीपावली

**सोनीपत।** दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल के कुलगुरु प्रो. श्री प्रकाश सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय में इस बार वोकल फॉर लोकल से दीपावली जगमगाएगी। जब हर घर में स्वदेशी दीये जलेंगे, तब हम आत्मनिर्भर भारत की तरफ बढ़ेगें। उन्होंने विश्वविद्यालय परिवार, प्रदेश वासियों और देशवासियों से आह्वान किया कि इस दीपावली पर हम सब मिलकर संकल्प लें कि दीपावली पर स्वदेशी वस्तुओं से घर सजाएंगें, ताकि देश की अर्थव्यवस्था को आगे बढाएं।

### बीसवां मील—बहादुरगढ़ स्टेट हाईवे पर जलभराव से जनजीवन अस्त-व्यस्त

# पानी में डूबी विकास की कहानी करोड़ों खर्च, समाधान शून्य

*14 गांवों और 5 रिहायशी कॉलोनियों के लगभग 30 हजार से अधिक लोग और राई औद्योगिक क्षेत्र के उद्योगपति इस समस्या से जूझ रहे हैं*

## पानी निकासी के अभाव में सड़क बनी खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

- 14 गांवों व राई औद्योगिक क्षेत्र के हजारों लोग परेशान

बीसवां मील—बहादुरगढ़ स्टेट हाईवे पर पिछले कई दिनों से जलभराव की समस्या विकराल रूप ले चुकी है। गांव बढ़ मलिक से लेकर जठेड़ी तक हाईवे पर जगह-जगह पानी भरा हुआ है, जिससे वाहन चालकों और स्थानीय निवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि 14 गांवों और 5 रिहायशी कॉलोनियों के लगभग 30 हजार से अधिक लोग और राई औद्योगिक क्षेत्र के उद्योगपति इस समस्या से जूझ रहे हैं। सड़क पर भरे पानी के कारण हादसे का खतरा लगातार बना हुआ है, विशेष रूप से दोपहिया वाहन चालक गिरकर घायल हो रहे हैं।

स्थानीय लोगों ने बताया कि हाईवे पर पानी निकासी का कोई ठोस प्रबंध नहीं है। पहले से बने नाले ओवरफ्लो हो चुके हैं, जिससे गंदा पानी सड़क पर फैल गया है।

जलभराव के कारण वाहन चालकों को सड़क पार करना मुश्किल हो गया है। उद्योगपतियों का कहना है कि सड़क की यह स्थिति उनके व्यवसाय को भी प्रभावित कर रही है, क्योंकि कच्चा माल लाने और उत्पाद भेजने में दिक्कत आ रही है। कई उद्यमियों ने अस्थायी रूप से परिवहन कार्य रोक दिया है।



### सड़क पर करोड़ों खर्च, फिर भी हालत ज्यों की त्यों

लोगों का कहना है कि विरोध प्रदर्शनों और लंबे इंतजार के बाद जनवरी 2018 में इस मार्ग का निर्माण साढ़े नौ करोड़ रुपये की लागत से किया गया था। इसके बावजूद निकासी की उचित व्यवस्था नहीं की गई। इसके बाद वर्ष 2020 में इस सड़क पर लगभग ढाई करोड़ रुपये और 2021 में 45 लाख रुपये गड्ढे भरने पर खर्च किए गए। भारी भरकम बजट खर्च होने के बावजूद स्थिति में सुधार नहीं हुआ है और सड़क बार-बार टूटकर जर्जर हो जाती है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि अधिकारियों की अनदेखी और लापरवाही के कारण करोड़ों रुपये पानी में बह गए हैं।

### शहीद मेजर सत्यप्रकाश के नाम से है मार्ग

यह मार्ग शहीद मेजर सत्यप्रकाश के नाम से जाना जाता है, जिनका पैतृक गांव जठेड़ी इसी मार्ग पर स्थित है। इसके बावजूद सड़क की हालत दयनीय बनी हुई है। लोग कहते हैं कि यह विडंबना है कि जिस मार्ग का नाम शहीद के सम्मान में रखा गया, उसी मार्ग पर गंदे पानी में लोग गुजरने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क की दुर्दशा पर तुरंत संज्ञान लिया जाए और स्थायी जल निकासी व्यवस्था बनाई जाए, ताकि आवागमन सामान्य हो सके और औद्योगिक गतिविधियां भी प्रभावित न हों।

### सड़क पर जल निकासी व्यवस्था जल्द होगी दुरुस्त

सड़क का निर्माण कराया गया था। मार्ग पर पानी निकासी की समस्या के समाधान को पहल जारी है। जल्द ही इस दिशा में कदम उठाया जाएगा। जिसके बाद यहां निकासी का प्रबंध हो जाएगा।

**-दिलबाग मेहरा, एसडीओ पीडब्ल्यूडी, सोनीपत**

## छात्राओं ने सजाए मिट्टी के दीये



**गोहाना।** सजाए गए दीये दिखाते हुए छात्राएं, साथ में हैं स्टाफ सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

राजकीय महाविद्यालय, बड़ौता में मंगलवार को दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक गतिविधि समिति द्वारा मिट्टी के दीये सजाने की प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में प्रतिभागी छात्राओं ने दीयों को आकर्षक रूप से सजाया। संयोजन सांस्कृतिक समिति की प्रभारी डॉ. सरिता मलिक का रहा और अध्यक्षता डॉ. प्रदीप कुंडू ने की। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने रंगों के अद्भुत मिश्रण और अन्य सामग्री से दीयों की बेहतरीन सजावट की।

### विजेताओं को किया सम्मानित

इस प्रतियोगिता में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा दिशा ने पहला, बीएससी द्वितीय की उमंग ने दूसरा और बीसीए द्वितीय की छात्रा तमन्ना ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में डॉ. मीना देवी, डॉ. विजेंद्र दुग्गल और डॉ. नेहा सपरा शामिल रहे। डॉ. प्रदीप कुंडू ने सांस्कृतिक गतिविधि समिति के सदस्यों के साथ विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ. मेहर सिंह, जय प्रकाश, डॉ. विनोद और डॉ. राजेश डावर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## ब्राइट स्कॉलर की तान्या और अथर्व ने जीता राष्ट्रीय स्तर पर पदक

**सोनीपत।** ग्वालियर, मध्य प्रदेश में 5 अक्टूबर को राष्ट्रीय प्रदर्शन कला 2025 का आयोजन किया गया। इसमें अनेक प्रतिभागियों ने अपने श्रेष्ठ प्रदर्शन का परिचय दिया। तान्या झा ने अपने श्रेष्ठ प्रदर्शन के बलबूते (कक्षा 12 मानविकी) ने गायन इकाई में दूसरा स्थान प्राप्त किया और अथर्व ने जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्कूल पहुंचने पर प्राचार्या डॉ. किरण दलाल ने इनको सम्मानित किया और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।



**सोनीपत।** विजेता छात्रा के साथ प्राचार्या एवं अन्य।

## खेलो इंडिया वूमेन वुशु लीग में प्रताप स्कूल की खिलाड़ियों ने जीते 2 पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

पलवल में आयोजित हरियाणा स्टेट खेलो इंडिया वूमेन वुशू लीग में प्रताप स्कूल, खरखौदा की खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2 पदक जीतकर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया। विद्यालय की 7 खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में शामिल हुईं, जिनमें ज्योति ने 45 किलोग्राम भारवर्ग में स्वर्ण पदक तथा नक्ष ने 39 किलोग्राम भारवर्ग में कांस्य पदक जीतकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय प्रांगण में इन विजेता खिलाड़ियों का भव्य स्वागत विशेष सभा में किया गया।



**खरखौदा।** वुशु खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए स्कूल प्रबंधन

### खिलाड़ियों ने वुशु में जीते अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय पदक

इस अवसर पर द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया, प्राचार्या दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया, डॉ. दीपिका दहिया, कोच विनोद गुलिया तथा सोमबीर आर्य ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रधान वेदप्रकाश दहिया व संस्थापक सतप्रकाश नम्बरदार ने खिलाड़ियों को विशेष रूप से बधाई दी। द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया ने बताया कि विद्यालय के खिलाड़ियों ने अब तक वुशु खेल में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 27 पदक तथा राष्ट्रीय स्तर पर 254 पदक जीते।



**सोनीपत।** विजेता विद्यार्थियों के साथ प्राचार्या एवं अन्य।

### ताइक्वांडो में छाए हिंदू सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र

**सोनीपत।** सोनीपत के साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल में द्वितीय हरियाणा स्टेट ताइक्वांडो गेम्स का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में हिंदू सीनियर सेकेंडरी स्कूल, न्यू कोर्ट रोड सोनीपत के खिलाड़ियों ने अपना परचम लहराया। इस प्रतियोगिता में दूसरी कक्षा के छात्र देव नरवाल, सातवीं की छात्रा मिहिका व चारुल तथा आठवीं की छात्रा यति ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। रजत पदक सातवीं की छात्रा देवांशी ने हासिल किया तथा छठी के छात्र निर्मित व यज तथा पांचवी के छात्र पार्थ ने कांस्य पदक के साथ कुल 8 मेडल प्राप्त किए। विद्यालय पहुंचने पर विद्यालय की प्राचार्या हेमा चतुर्वेदी, कोच राजकुमार तथा अन्य गणमान्य अध्यापकवर्ग ने विजेता खिलाड़ियों की हौंसला अफजाई की और उनका सम्मान किया। विद्यालय के लिए बहुत गर्व की बात है कि सातवीं कक्षा की छात्रा मिहिका को बेस्ट फाइटर का अवार्ड और 2100 रुपये नगद इनाम भी मिला।

## छात्रों ने सांस्कृतिक मूल्यों की जानकारी प्राप्त की

- डीबीएम पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने गुरुद्वारा और गोशाला का शैक्षणिक भ्रमण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

गांव मदीना में गोहाना-महम मार्ग स्थित डीबीएम पब्लिक स्कूल के प्राथमिक वर्ग के विद्यार्थियों ने मंगलवार को गोहाना में गुरुद्वारा साहिब और गोशाला का शैक्षणिक भ्रमण किया। शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को सांस्कृतिक, धार्मिक और पर्यावरणीय मूल्यों से अवगत करवाना था। मार्गदर्शन स्कूल के एमडी विकास मलिक का रहा। विद्यार्थियों ने पहले गुरुद्वारे का भ्रमण किया। गुरुद्वारे में विद्यार्थियों ने गुरु ग्रंथ साहिब के बारे में जाना और सेवा व समानता का संदेश ग्रहण किया।



**गोहाना।** शैक्षणिक भ्रमण के दौरान शिक्षकों के साथ गोशाला पहुंचे विद्यार्थी।

### विद्यार्थियों ने गायों को गुड़ और चारा खिलाया

विद्यार्थियों को गांव ठसका स्थित नंदलाला गोधाम गोशाला ले जाया गया। गोशाला में विद्यार्थियों ने गायों को गुड़ और चारा खिलाया। विद्यार्थियों ने गायों के बछड़े और बछड़ियों के साथ दुलार भी किया। शैक्षणिक भ्रमण में विद्यार्थियों को पार्क भी ले जाया गया। वहां विद्यार्थियों ने पेड़-पौधों और पर्यावरणीय मूल्यों के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्राचार्य जगजीत सिंह मलिक, पूजा शर्मा, अंजु नरवाल, मोनी शर्मा, सुदेश मलिक, कविता, प्रीती मलिक, दीप्ति, केसर, सुरेन्द्र मलिक, नवीन श्योरान, रश्मि, गीता राठौड़ व रचना रोहिल्ला मौजूद रहे।

### पूरन कुमार मामले में सरकार बरत रही है कोताही

**सोनीपत।** कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता राकेश सौदा ने प्रदेश सरकार पर गम्भीर आरोप लगाते हुए कहा कि वाई पूरन कुमार मामले में सरकार कोताही बरत रही है और जान बूझकर उनके परिवार की मांगों को गम्भीरता नहीं ले रही है। जबकि सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि वो दोषी अधिकारियों को तुरंत निलम्बित कराए और पुलिस प्रशासन उनको गिरफ्तार करके जांच कराएं। एसीएसटी के मामलों मे जब आम आदमी को तुरन्त गिरफ्तार कर लिया जाता है तो इनको क्यों नहीं। जबकि ये प्रभावशाली लोग है बाहर रहकर तथ्यों के साथ छेड़छाड़ कर सकते है। सरकार इन पर कार्यवाही क्यों नहीं कर पा रही है। क्या ये आत्महत्या ना होकर सिस्टम और सरकार द्वारा सुनियोजित हत्या है। अब प्रधानमंत्री की सोनीपत जनसभा रद्द करना ये साबित करता है कि प्रधानमन्त्री जनता के मुद्दों और जनता का सामना नहीं कर सकते।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

## कशिश ने इंटरनेशनल कुकिवॉन ओपन कप में जीता सिल्वर मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

प्रतिभाशाली ताइक्वांडो खिलाड़ी कशिश शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए इंटरनेशनल कुकिवॉन ओपन कप में जीता सिल्वर मेडल जीता है। यह प्रतियोगिता दिल्ली के आई.जी.आई. स्टेडियम में 9 से 12 अक्टूबर तक आयोजित हुई और इंटरनेशनल कुकिवॉन ओपन कप में कशिश शर्मा ने जूनियर भार वर्ग (-52 किलोग्राम) में सिल्वर मेडल जीतने का गौरव हासिल किया। कोच विजय कालीरामन ने बताया कि प्रतियोगिता कुकिवॉन इंडिया नॉर्थ ब्रांच द्वारा आयोजित की गई थी, जिसे स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (SAI) और कोरियन कल्चरल सेंटर इंडिया का सहयोग प्राप्त था। अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में कोरिया, नेपाल, भूटान, फिलीपींस और थाईलैंड सहित कई देशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

### कोच बोले कशिश बेहद मेहनती



कठिन प्रतिस्पर्धा के बीच कशिश ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से अपने भार वर्ग में दूसरा स्थान प्राप्त किया। कशिश शर्मा ने बताया कि वह इससे पहले भी एस.जी.एफ.आई. नेशनल, सी.बी.एस.ई. नेशनल गेम्स और हरियाणा खेल महाकुंभ जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर चुकी हैं। कोच विजय कालीरामन ने बताया कि कशिश बेहद मेहनती और अनुशासित खिलाड़ी हैं, पिछले दो वर्षों से प्रतिदिन शास्त्री नगर स्थित स्पार्टन्स ताइक्वांडो एकेडमी में अभ्यास कर रही हैं। उन्होंने कहा कि कशिश में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतने की पूरी क्षमता है और आने वाले समय में वह देश का नाम और भी ऊंचाइयों पर पहुंचाएगी।

## रेणू ने स्वादिष्ट पूड़े व योगिता ने बनाई बाजरे की बाकली

- एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय ने प्रतियोगिता में विजेता आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज . गोहाना

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण माह के तहत गोहाना खंड की खंड स्तरीय प्रतियोगिताएं करवाई गई। प्रतियोगिताओं में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की। विजेताओं को एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय ने बतौर मुख्य अतिथि सम्मानित किया। अध्यक्षता डब्ल्यूसीडीपीओ सुशीला ने की। व्यंजन बनाने की प्रतियोगिता में रेणू ने बेसन के स्वादिष्ट पूड़े बनाकर पहला स्थान प्राप्त किया। योगिता ने बाजरे की बाकली और सुमन ने दूध की बर्फी बनाई। ये क्रमशः दूसरे व तीसरे स्थान पर रहीं।



**गोहाना।** विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय व डब्ल्यूसीडीपीओ सुशीला।

### स्लोगन लेखन में उषा रही प्रथम

स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में कासंडा से उषा, रेखा और सुमन ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने बाजरे की खिचड़ी बनाने सहित अन्य प्रतियोगिताओं में भाग लिया। डब्ल्यूसीडीपीओ सुशीला ने कहा कि बच्चों के सम्पूर्ण विकास के लिए उनको फास्ट फूड से दूर रखें। बच्चों को दूध, दही, लस्सी, फल व अंकुरित दालें खिलाएं।

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

### श्रीराम जनसेवा संस्थान ने लगाया भंडारा

**गोहाना।** श्रीराम शरण जनसेवा संस्थान द्वारा मंगलवार को शहर में पुरानी सब्जी मंडी के समीप मुख्य गुरुद्वारे के सामने भंडारा लगाया गया। भंडारे में लोगों ने देसी घी के हलवे, पूरी और सब्जी का प्रसाद ग्रहण किया। संस्थान द्वारा जन सेवा के उद्देश्य से महीने में दो बार मंगलवार के दिन भंडारा लगाया जाता है। इसी क्रम में संस्थान द्वारा मंगलवार को अपना पाक्षिक भंडारा लगाया जिसमें काफी लोगों ने भंडारा ग्रहण किया। भंडारे में संस्थान के अध्यक्ष नरेश, प्रतिनिधि रामनिवास शर्मा, रवि कुंडू, भाजपा जिला गोहाना के महामंत्री महेंद्र चिड़ाना, भाजपा से सत्यवान और संदीप मलिक, शक्ति सैनी, सत्यवीर सैनी, अरविंद सैनी और प्रदीप नरवाल मौजूद रहे।

### एम्बुलेंस की आवाजाही बाधित, मरीजों को झेलनी पड़ रही परेशानी

# उपमंडल अस्पताल के बाहर अवैध पार्किंग बनी बड़ी समस्या

- उपमंडल अस्पताल के बाहर अवैध पार्किंग से एम्बुलेंस की आवाजाही हो रही है बाधित, मरीजों को करना पड़ रहा इंतजार
- गाड़ियों का अनियंत्रित खड़ा होना न केवल एम्बुलेंस की एंट्री में बाधा डालता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

उपमंडल अस्पताल के मुख्य द्वार के बाहर लंबे समय से चल रही अवैध पार्किंग अब मरीजों और एम्बुलेंस सेवाओं के लिए बड़ी समस्या बन गई है। अस्पताल के गेट के ठीक ऊपर गाड़ियों का अनियंत्रित खड़ा होना न केवल एम्बुलेंस की एंट्री में बाधा डालता है, बल्कि उपचार के लिए आने वाले मरीजों को भी सड़क पर जाम में फंसकर काफी देर तक इंतजार करना पड़ता है। कई बार गंभीर स्थिति में पहुंचे रोगियों के परिजनों ने शिकायत की है कि देर होने से चिकित्सा सुविधा मिलने में बाधा उत्पन्न हो रही है, जो किसी भी आपातकालीन व्यवस्था के लिए घातक सिद्ध हो सकता है।



**गन्नौर।** उपमंडल अस्पताल के गेट पर बनी अवैध पार्किंग में खड़े वाहन ।

### अस्पताल तक पहुंचने में अनावश्यक विलंब होता है

पिछले दिनों उपमंडल अधिकारी नागरिक प्रवेश कादियान द्वारा अस्पताल निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर टीना आनंद ने इस गंभीर समस्या को उठाया था। उन्होंने बताया था कि अस्पताल के बाहर अवैध रूप से खड़ी गाड़ियां एम्बुलेंस को भीतर आने में बाधा डालती हैं और मरीजों को अस्पताल तक पहुंचने में अनावश्यक विलंब होता है। इस पर एसडीएम ने तत्कालीन थाना प्रभारी को निर्देश दिए थे कि अस्पताल की सीमा के भीतर और बाहर खड़ी अवैध गाड़ियों को हटाया जाए तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के चालान किए जाएं। निरीक्षण के कई महीने बीत जाने के बाद भी जमीनी स्तर पर कोई विशेष कार्रवाई नहीं दिखी।